बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक-प्र07-विविध-31/2009 844 खाद्य,पटना/दिनांक- 9.2.2011

प्रेषक,

जयशंकर प्रसाद यादव
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी ।
विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी,
पटना ।

विषयः- जन वितरण प्रणाली विक्रेता के साथ उपभोक्ताओं की सम्बद्धता में एकरूपता रखने के सम्बन्ध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि विभाग को ऐसी शिकायतें प्राप्त होती रही है कि जन वितरण दुकानों के साथ उपभोक्ताओं की सम्बद्धता में एकरूपता नहीं बरती जाती है । जहाँ कुछ दुकानों के साथ बहुत अधिक संख्या में उपभोक्ता सम्बद्ध हैं वहीं कुछ दुकानों के साथ अपेक्षाकृत बहुत कम संख्या में उपभोक्ता सम्बद्ध हैं । ऐसा संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण भी होता है । इस संबंध में माननीय न्यायाधीश श्री डी0पी0 बाधवा ने भी अपने प्रतिवेदन में उल्लेख किया था । जिस आलोक में इस विभाग के पत्रांक- 460 दिनांक- 27.01.2010 द्वारा आपको जन वितरण प्रणाली दुकानों के साथ उपभोक्ताओं की सम्बद्धता में यथासंभव एकरूपता बनाये रखने हेतु अनुरोध किया गया था । माननीय विभागीय मंत्री द्वारा क्षेत्र भ्रमण में पुनः इस तरह के मामले पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई है एवं इसमें सुधार हेतु निदेश दिया गया है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने स्तर से इसकी समीक्षा की जाय तथा जन वितरण दुकानों के साथ उपभोक्ता की सम्बद्धता इस प्राकार की जाय कि इसमें एकरूपता हो । साथ ही अपने जिले के जन वितरण प्रणाली दुकानदार एवं उनके साथ सम्बद्ध उपभोक्ताओं की संख्या से संबंधित प्रखंडवार सूची विभाग को भेजने की कृपा की जाय ।

विश्वासभाजन,

9/2/11

सरकार के संयुक्त सचिव ।